# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भिवानी

## संशोधित सार्वजनिक नियुक्ति की सूचना

इस कार्यालय के 'सार्वजनिक नियुक्ति की सूचना', के विज्ञापन के संदर्भ में जो कि दिनांक 25.01.2023 के अंग्रेजी अखबार 'द ट्रिब्यून' और दिनांक 26.01.2023 के हिन्दी अखबार 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित हुआ था, जिसके माध्यम से प्रोसेस सर्वर के 01 पद (सामान्य श्रेणी) और चपरासी के 05 पदों (सामान्य श्रेणी-04, अनुसूचित जाति-01) की भर्ती हेतु 11.02.2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। हालांकि, खाली पदों की संख्या में बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप, संशोधित पदों के लिए निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते है:

| पद/श्रेणी | सामान्य | सामान्य पीडब्लूबीडी | एससी | बीसी 'ए' ईएसएम | बीसी 'ए' पीडब्लूबीडी | बीसी 'बी' | बीसी 'बी' ईएसएम | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रोसेस सर्वर | 03 | 01 | 01 | 0 | 01 | 00 | 01 | **07** |
| चपरासी | 07 | 01 | 03 | 01 | 01 | 01 | 01 | **15** |

**श्रेणियों का संक्षिप्त रूप:- एससी-अनुसूचित जाति, बीसी 'ए'-पिछडा वर्ग 'ए', बीसी 'बी'-पिछडा वर्ग 'बी', ईएसएम- भूतपूर्व सैनिक, पीडब्लूबीडी-बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति।**

**नोटः- चयन प्रक्रिया पूरी होने से पहले रिक्तियों की संख्या उम्मीदवारों को बिना कोई पूर्व सूचना दिये किसी भी समय बढाई या घटाई जा सकती है।**

**1. <u>योग्यता:</u>**

प्रोसेस सर्वर:- आवेदक मैट्रिक कक्षा उतीर्ण हो तथा हिंदी या पंजाबी भाषा का ज्ञान हो। आवेदक को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर योग्यता की शर्त को पूरा करना चाहिए।

चपरासी:- आवेदक मिडल कक्षा उतीर्ण हो तथा हिंदी/पंजाबी भाषा का ज्ञान हो। आवेदक को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर योग्यता की शर्त को पूरा करना चाहिए।

**2. आयु सीमा:**

किसी व्यक्ति को सेवा में भर्ती नहीं किया जाएगा अगर उसकी आयु 01.01.2023 को 18 वर्ष से कम और 42 वर्ष से अधिक है। आरक्षित श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ और/या हरियाणा सरकार द्वारा जारी किये गये निर्देशों के अनुसार स्वीकार्य होगी।

**3. आरक्षण:**

आरक्षण का लाभ एससी/बीसी'ए'/बीसी'बी'/ईएसएम/पीडब्लूबीडी वर्ग के केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जो हरियाणा राज्य के मूल निवासी हैं। इन उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत जारी किए गए एससी/बीसी'ए'/बीसी'बी'/ईएसएम/पीडब्लूबीडी प्रमाणपत्र संलग्न करना आवश्यक है।

**4. अंतिम तिथि:**

आवेदन दस्ती, डाक द्वारा या किसी अन्य माध्यम से अधोहस्ताक्षरी यानि कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भिवानी के कार्यालय में प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 20.02.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक बढ़ाई**

**जाती है**। लिफाफे के शीर्ष पर विशेष रूप से उल्लेख हो “प्रोसेस सर्वर के पद के लिए आवेदन” या "चपरासी के पद के लिए आवेदन"। इसके बाद प्राप्त आवेदनों को बिना किसी पत्राचार के सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा। डाक प्राधिकरणों के द्वारा हुआ विलम्ब निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार करने का आधार नहीं होगा।

**5.** सरकारी विभाग, अर्ध सरकारी विभाग, किसी सरकारी निगम/बोर्ड/संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना होगा।

**6.** आवेदन पत्र जिला न्यायालय भिवानी की वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/india/haryana/bhiwani recruit/से डाउनलोड किये जा सकते है।

**7.** आवेदन पत्र में दिए हुए स्थान पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित पासपोर्ट आकार का एक नवीनतम रंगीन फोटो चिपका होना चाहिए और शैक्षणिक दस्तावेजों एवं श्रेणी, अनुभव इत्यादि सम्बंधी प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न होनी चाहिए। उम्मीदवारों को साक्षात्कार/हाजिरी के समय अपने मूल प्रमाणपत्र एवं एक पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा।

**8.** किसी भी तरीके से अधूरे आवेदनों को बिना कारण बताए सीधे तौर पर खारिज कर दिया जायेगा। अधूरे आवेदनों या जो आवेदन अंतिम तारीख जो की **20.02.2023** है के बाद इस कार्यालय में प्राप्त होने के कारण इन्कार किए गए होंगे, के बारें में किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**9.** आवेदक आवेदन पत्र में अपनी सभी शैक्षणिक और अन्य योग्यताओं का उल्लेख करें। उल्लेख न करने पर सम्बंधित उम्मीदवार नियुक्ति के लिए अयोग्य हो सकता है और कानून के प्रासंगिक प्रावधान के तहत अभियोजन के लिए भी उतरदायी हो सकता है।

**10.** इस कार्यालय द्वारा उम्मीदवारों को अलग से रोल नंबर जारी नहीं किए जाएंगे। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे संक्षिप्त सूचीबद्ध उम्मीदवारों की सूची और साक्षात्कार के लिए रोल नंबर के लिए समय-समय पर इस कार्यालय की वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/india/haryana/bhiwani/recruit देखें।

**नोट :समाचार पत्रों 'द ट्रिब्यून' और 'दैनिक भास्कर' में दिनांक 25.01.2023 और 26.01.2023 को प्रकाशित साक्षात्कारों की पिछली अनुसूची रद्द की जाती है और साक्षात्कारों के नए कार्यक्रम का निम्नानुसार पालन किया जाए।**

**11.** जो अभ्यर्थी उपरोक्त वर्णित पदों के लिए योग्यता पूरी करता है उसे न्यायिक परिसर, भिवानी में उसके नाम के पहले अक्षर के विरुद्ध नीचे दी गयी तारीख व् समय पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा:-

**<u>चपरासी के पद के लिए:</u>**

| तारीख | दिन | समय | अंग्रेजी वर्ण माला के अनुसार नाम |
|---|---|---|---|
| 27.02.2023 | सोमवार | दोपहर 12:00 बजे से आगे | A से B |
| 28.02.2023 | मंगलवार | दोपहर 12:00 बजे से आगे | C से J |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01.03.2023 | बुधवार | सुबह 12:00 बजे से आगे | K से M |
| 02.03.2023 | वीरवार | सुबह 11:00 बजे से आगे | N से R |
| 03.03.2023 | शुक्रवार | दोपहर 11:00 बजे से आगे | S से Z एवं<br>वह आवेदक जो कि ज़िला रोजगार कार्यालय एवं ज़िला सैनिक बोर्ड के द्वारा भेजे गए है। |

**<u>प्रोसेस सर्वर के पद के लिए:</u>**

| तारीख | दिन | समय | अंग्रेजी वर्ण माला के अनुसार नाम |
|---|---|---|---|
| 09.03.2023 | वीरवार | दोपहर 12:00 बजे से आगे | A से B |
| 10.03.2023 | शुक्रवार | दोपहर 12:00 बजे से आगे | C से J |
| 13.03.2023 | सोमवार | सुबह 12:00 बजे से आगे | K से M |
| 14.03.2023 | मंगलवार | सुबह 11:00 बजे से आगे | N से R |
| 15.03.2023 | बुधवार | दोपहर 11:00 बजे से आगे | S से Z एवं<br>वह आवेदक जो कि ज़िला रोजगार कार्यालय एवं ज़िला सैनिक बोर्ड के द्वारा भेजे गए है। |

**12.** यदि ज्यादा उम्मीदवार होने के कारण या किसी अन्य कारण से उपर्युक्त अनुक्रम में सभी उम्मीदवारों का निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार नहीं लिया जाता है तो बाकी उम्मीदवारों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा निर्धारित दिन पर आयोजित किया जाएगा।

**13.** साक्षात्कार के लिए अलग से कोई बुलावा पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

**14.** साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को किसी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जायेगा।

**15.** हाजिरी का समय साक्षात्कार की तारीख को सुबह 09:30 बजे होगा।

**नोट:- सामान्य श्रेणी के आवेदक जिन्होंने पहले से ही समाचार पत्र 'द ट्रिब्यून' और 'दैनिक भास्कर' में दिनांक 25.01.2023 और 26.01.2023 में प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में प्रोसेस सर्वर और चपरासी के पद के लिए आवेदन किया है, उन्हें फिर से / नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है और उनके आवेदन इस विज्ञापन के लिए भी उपयुक्त होंगे। आवेदक जो आरक्षित श्रेणी (एससी) से संबंधित हैं और पहले से ही आरक्षण के प्रमाण के साथ आवेदन कर चुके हैं, उन्हें फिर से / नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है और उनके आवेदन इस विज्ञापन के लिए भी उपयुक्त होंगे। हालांकि, आरक्षित श्रेणियों के आवेदकों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्होंने आरक्षित पदों के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किए है तो वे फिर से/नए सिरे से आवेदन करें।**

**हस्ता.**
**जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**भिवानी**

# भिवानी सत्र मण्डल में प्रोसेस सर्वर के पद के लिए आवेदन पत्र

सेवा में,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भिवानी।

> उम्मीदवार का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित चिपकाए

**विषय:** **प्रोसेस सर्वर के पद के लिए आवेदन।**

उम्मीदवार का नाम : ______________________

पिता/पति का नाम : ______________________

जन्म तिथि : ______________________

(01.01.2023 को उम्र) : ______________________

लिंग (महिला/पुरुष) : ______________________

राष्ट्रीयता : ______________________

स्थायी पता : ______________________
______________________

पत्राचार पता : ______________________
______________________

वर्ग : ______________________

शैक्षणिक योग्यता : ______________________

| डिग्री/परीक्षा | | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | श्रेणी/वर्ग | अंकों का प्रतिशत | मूल्यांकन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| अन्य योग्यता, यदि कोई हो (उम्मीदवार जरूरत के अनुसार पंक्तियों की संख्या बढ़ा सकते है) | | | | | | |

अनुभव (यदि कोई हो) : ______________________

संपर्क न.न मोबाइल/ . : ______________________

ईमेल आई.डी.
(यदि कोई हो) : ______________________

**नोट :- सभी सम्बंधित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियाँ संलग्न करें।**

मैं__________ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ______________________ घोषित करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई और सलंग्न दस्तावेजों में दी गई जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास में सही है व् उसमे कुछ भी छुपाया नहीं गया है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है तो मुझ पर कानून के सम्बन्धित प्रावधानों के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

दिनांक: ..................

स्थान: ..................

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

# भिवानी सत्र मण्डल में चपरासी के पद के लिए आवेदन पत्र

सेवा में,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भिवानी।

उम्मीदवार का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित चिपकाए

**विषय:** **चपरासी के पद के लिए आवेदन।**

उम्मीदवार का नाम : ______________________

पिता/पति का नाम : ______________________

जन्म तिथि : ______________________

(01.01.2023 को उम्र) : ______________________

लिंग (महिला/पुरुष) : ______________________

राष्ट्रीयता : ______________________

स्थायी पता : ______________________
______________________

पत्राचार पता : ______________________
______________________

वर्ग : ______________________

शैक्षणिक योग्यता : ______________________

| डिग्री/परीक्षा | | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | श्रेणी/वर्ग | अंकों का प्रतिशत | मूल्यांकन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आठवी / मैट्रिक | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| अन्य योग्यता, यदि कोई हो (उम्मीदवार जरूरत के अनुसार पंक्तियों की संख्या बढ़ा सकते है) | | | | | | |

अनुभव (यदि कोई हो) : ______________________

संपर्क न.न मोबाइल/ . : ______________________

ईमेल आई.डी. : ______________________
(यदि कोई हो)

**नोट :- सभी सम्बंधित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियाँ संलग्न करें।**

मैं__________ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ______________________ घोषित करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई और सलंग्न दस्तावेजों में दी गई जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास में सही है व् उसमे कुछ भी छुपाया नहीं गया है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है तो मुझ पर कानून के सम्बन्धित प्रावधानों के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

दिनांक: ..................

स्थान: ..................

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**